# एक्शन में खनन विभाग अवैध भंडारण पर छापेमारी



## इलीगल स्टोरेज के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई

**DEHRADUN (5 Sep.):** जिले में उप खनिज के अवैध भंडारण पर खनन विभाग की सख्ती से हड़कंप मचा है. जिला खान अधिकारी के नेतृत्व में लगातार इलीगल स्टोरेज के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

### बिना अनुमति के भंडारण

टीम बिना अनुमति चल रहे रेत, बजरी के भंडारण के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है. साथ ही बिना अनुमति के भंडारित उप खनिज को ज़ब्त भी किया जा रहा है. जिला खान अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि तहसील सदर में बिना विभागीय अनुमति के कई जगहों पर उप खनिज के भंडारण संचालित किए जा रहे हैं, ऐसे करीब 40 से अधिक अवैध भंडारणों पर पिछले दो दिनों में कार्रवाई की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी ऐसी कार्रवाई की गई थी और भंडारण करने वालों के अनुरोध पर उन्हें अनुमति लेने का समय भी दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोगों अनुमति नहीं ली. ऐसे अवैध भंडारणों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. टीम में कुमेर सलाल समेत विभागीय कार्मिक शामिल रहे.